Title: Need to provide financial assistance to Government of Madhya Pradesh for renovation of small irrigation projects in Balaghat district of the State − laid.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल(बालाघाट) मध्य प्रदेश का बालाघाट जिला अपने कृाि क्षेत्र में सर्वाधिक सिंचाई क्षमता रखने वाला जिला है। जहां 17 लघु सिंचाई योजना है जो 90 र्वा से अधिक पुरानी भी हैं। देश की आजादी के बाद 1977 से 1980 के बीच इन्हीं पुरानी अनेक लघु सिंचाई योजनाओं की क्षमता में वृद्धि भी की गई थी। परिणामस्वरूप 60 र्वा से 90 र्वा पुरानी ये लघु सिंचाई योजनायें अपने निधारित लक्ष्य से 10 प्रतिशत अधिक तक कृाि भूमि सिंचित करती है। इन सिंचाई परियोजनाओं की इसी अच्छाई ने इन्हें उपेक्षित बना दिया है परिणामस्वरूप इनके पुनउर्द्धार के प्रस्ताव को इसी अच्छी क्षमता के कारण मंजूरी नहीं मिल पा रही है। नहरें जीर्णशीर्ण हो गई हैं, जमुनिया जलाशय का तटबंध टूटने लगा है। इस र्वाा काल में बांध टूटते टूटते बचा है।

अतः केन्द्र सरकार से निवेदन है कि ऐसी अति प्राचीन एवं उच्चकोटि की क्षमता रखने वाली सिंचाई परियोजनाओं के संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध करायें।